इटावा पुलिस

#OPERATION CONVICTION

प्रेस नोट दिनांक 12.04.2024

इटावा पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते चोरी करने वाले अभियुक्तों को मा0 न्यायालय इटावा द्वारा 05-05 वर्ष के सश्रम कारावास की सुनायी गयी सजा तथा 2000- 2000-/ रूपये का दिया गया अर्थदंड।

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में थाना बकेवर व मानीटरिंग / पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते इटावा पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते चोरी करने वाले अभियुक्तों को मा0 न्यायालय इटावा द्वारा 05-05 वर्ष के सश्रम कारावास की सुनायी गयी सजा तथा 2000- 2000-/ रूपये का दिया गया अर्थदंड।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 19.07.2014 को वादी राजीव रतन पुत्र ध्रुव नारायण निवासी 78 खरैया पोखा दशरथपुर थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर द्वारा अज्ञात चोरों द्वारा उसकी मारुती स्विफ्ट कार चोरी कर लेने के संबंध में थाना बकेवर पर सूचना दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना बकेवर पर **मु0अ0सं0 489/14 धारा 395/412 भादवि व 12/14 द0प्र0 क्षेत्र अधि0** पंजीकृत किया गया।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी उ0नि0 रामगोविन्द मिश्रा द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना बकेवर पुलिस टीम, पैरोकार का0 राहुल कुमार एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी श्री कौशलेन्द्र तोमर द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को मा0 न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी। जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तों को **आज दिनांक 12.04.2024 को अन्तर्गत धारा 412 भादवि में मा0 न्यायालय स्पे0 जज डकैती कोर्ट - 08 इटावा द्वारा 05-05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 2000-2,000/- रुपये का अर्थदंड दिया गया।**

सजायाफ्ता अपराधी-

1. **प्रदीप कुमार यादव उर्फ भीम पुत्र महावीर यादव निवासी गंगापुर थाना चौबिया जनपद इटावा।**
2. **राकेश कुमार उर्फ रक्का पुत्र रामनारायण निवासी बरुआ थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी।**
3. **छोटे उर्फ उपदेश पुत्र रामप्रसाद निवासी जौहरी थाना करहल जनपद मैनपुरी।**
4. **कौशल यादव पुत्र रामबहादुर निवासी नरिया थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**